दिनांक–15.07.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– पिछले तीन–चार सालों में 8 करोड़ रोजगार सृजित किये गए।
- प्रदेष के 55 जिलों में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की हुई षुरूआत।
- खुदरा बिक्री के लिए पैकेट बंद वस्तुओं की सभी जानकारी अनिवार्य रूप से घोषित करने का प्रस्ताव।
- प्रदेष में बारिष का दौर जारी। कई जिलों में भारी बारिष का अलर्ट।

प्रधानमंत्री–रोजगार सृजन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले तीन–चार वर्ष में आठ करोड़ रोजगार सृजित किए गए हैं, जिससे बेरोजगारी के बारे में दुष्प्रचार करने वालों को करारा जवाब मिला है। मुंबई में, भारतीय रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि देश में कौशल विकास और रोजगार की आवश्यकता है और केन्द्र सरकार इस दिशा में काम कर रही है। श्री मोदी ने कहा कि दुष्प्रचार करने वाली ताकतें निवेश, बुनियादी ढांचा विकास और देश की आर्थिक प्रगति के शत्रु हैं।

कार्यक्रम में, प्रधानमंत्री ने सड़क, रेलवे और पत्तन विकास से जुड़ी 29 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एन.डी.ए. सरकार स्थिरता और आर्थिक विकास को प्राथमिकता दे रही है और एन.डी.ए. के तीसरे कार्यकाल का निवेशकों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया है।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस

केंद्रीय गृह मंत्री अमित षाह ने कल प्रदेष के 55 जिलों में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का षुभारंभ किया। इंदौर में अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में आयोजित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस" के शुभारंभ समारोह में श्री शाह ने कहा कि विद्यार्थियों तक उत्कृष्ट और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचे, इस उद्देश्य को लेकर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस खोलने का काम हुआ है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति" आने वाले 25 सालों तक भारत के विद्यार्थियों को विश्वभर के विद्यार्थियों के साथ स्पर्धा करने के योग्य बनाएगी।

केन्द्रीय मंत्री ने मध्य प्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ और महाविद्यालय के काउंटर का भी शुभारंभ किया। वहीं पीएम कॉलेज आफ एक्सीलेंस के विद्यार्थियों के लिए बस सेवा की शुरुआत भी की। समारोह को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उच्च षिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने भी संबोधित किया। यह कार्यक्रम प्रदेष के जिला मुख्यालयों पर भी आयोजित किए गए।

मध्यप्रदेष उदाहरण

मध्यप्रदेश ने देश के सामने दो उदाहरण पेश किए हैं। राज्य में कल एक साथ सभी 55 जिलों में प्राइम मिनिस्टर कालेज आफ एक्सीलेंस शुरू हुए हैं। वहीं, राज्य के इंदौर शहर ने 11 लाख पौधे लगाकर नया रिकार्ड बनाया है। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह इस अवसर पर मौजूद थे।

वीसी–संजीव षर्मा

स्वच्छता के मामले में 7 साल से देश में अव्वल इंदौर ने एक और उपलब्धि हासिल की है। इंदौर के लोगों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत एक ही दिन में 11 लाख से ज्यादा पौधे लगाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज किया है।

गिनीज बुक की ओर से कल मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को यह प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इंदौर में कुल मिलाकर 51 लाख और मध्य प्रदेश में साढ़े 5 करोड़ पौधे लगाए जा रहे हैं।

गौरतलब है कि इस अभियान का शुभारंभ गृहमंत्री अमित शाह ने कल इंदौर में बीएसएफ की रेवती रेंज में पौधा लगाकर किया था। श्री शाह ने मध्य प्रदेश में एक साथ 55 प्राइम मिनिस्टर कॉलेज आफ एक्सीलेंस का भी शुभारंभ किया। संजीव शर्मा, आकाशवाणी समाचार, भोपाल

प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस–पीटीसी

जिला मुख्यालयों पर भी कल प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस के षुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किये गए। दमोह के ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय पीजी कॉलेज का प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस के रुप में शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर प्रदेश के राज्य मंत्री लखन पटेल, विधायक जयंत मलैया, हटा विधायक उमादेवी खटीक उपस्थित थे। सतना जिले में उद्घाटन समारोह कार्यक्रम में राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी और सांसद गणेश सिंह उपस्थित रहे। खंडवा में उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम प्रारंभ होने के पूर्व महाविद्यालय के रासेयो स्वयंसेवक एवं दिव्यांग विद्यार्थियों ने प्रेरणादाई गीत, भजन प्रस्तुत कर समां बांधने का सराहनीय कार्य किया। विदिशा में महाविद्यालय के नए भवन में इस कॉलेज की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में सहकारिता एवं खेल एवं कल्याण मंत्री विश्वास सारंग शामिल हुए। श्री सारंग ने कहा कि शिक्षा के गुणवत्ता और संस्कार देना उद्देश्य को लेकर इन कॉलेज की शुरुआत की गई है। रीवा में पीएम श्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस के आयोजित कार्यकम में उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने महाविद्यालय का शुभारंभ किया। मंडला, खरगोन, कटनी, ग्वालियर, गुना, मंदसौर, षिवपुरी, धार, आगरमालवा, रायसेन, देवास, बैतूल, षहडोल सहित प्रदेष के जिला मुख्यालयों पर पीएम श्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस के षुभारंभ कार्यक्रम आयोजित हुए।

पैकेटबंद भोजन

उपभोक्ता कार्य विभाग ने पैकेटबंद वस्तुओं में समानता बनाए रखने के लिए नियमों में संशोधन किया है। इस संशोधन से ऑफ़लाइन और ऑनलाइन दोनों प्लेटफार्मों पर खुदरा बिक्री के लिए प्री–पैकेज्ड वस्तुओं की सभी जानकारी घोषित करना अनिवार्य करने का प्रस्ताव है। विभाग ने इस महीने की 29 तारीख तक हितधारकों से विचार आमंत्रित किए हैं।

उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा कि इससे पैकेटबंद वस्तुओं के लिए समान मानक और जरूरतें स्थापित करने में मदद मिलेगी, जिससे विभिन्न ब्रांडों और उत्पादों में स्थिरता और निष्पक्षता को बढ़ावा मिलेगा। मंत्रालय ने कहा है कि उपभोक्ताओं को संपूर्ण जानकारी के आधार पर सूचित विकल्प चुनने में भी मदद मिलेगी। हालाँकि, नए नियम औद्योगिक उपभोक्ताओं या संस्थागत उपभोक्ताओं के लिए पैकटबंद वस्तुओं पर लागू नहीं होंगे।

अच्छी खबर–भिण्ड

राष्ट्रीय चंबल घड़ियाल अभ्यारण्य में इन दिनों घड़ियाल के अण्डो से बच्चे निकल रहे हैं। ऐसे में बाहरी और नदी में हर तरह के खतरे से बचाने के लिए बुजुर्ग घड़ियाल अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर सतर्क नजर आ रहे हैं। वे अपने नवजात बच्चों को झुण्ड में रखकर जल में रहने के गुर भी सिखा रहे हैं।

खेल–सारंग

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मध्य प्रदेश खेल अकादमी के तीन खिलाड़ियों को दूसरी एशियाई विश्वविद्यालय तीरंदाजी चैंपियनशिप में चयन पर बधाई दी है। खेल संचालक रवि कुमार गुप्ता ने बताया कि अकादमी की मुस्कान किरार, कृतिका बिचपुरिया और चिराग विद्यार्थी को दूसरी एशियाई विश्वविद्यालय तीरंदाजी चैंपियनशिप के लिए चुना गया है। यह चैंपियनशिप 30 अगस्त से 2 सितंबर तक ताइपे शहर, चीनी ताइपे में आयोजित की जाएगी।

अमरनाथ–यात्रा

पवित्र अमरनाथ गुफा तीर्थयात्रा के लिए चार हजार आठ सौ 75 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास आधार शिविर से कश्मीर घाटी के लिए रवाना हुआ। तीर्थयात्री आज सुबह एक सौ 62 वाहनों के काफिले में आधार शिविर से रवाना हुए।

मौसम–बारिष–प्रदेष

प्रदेश में बारिष का दौर जारी है। कल भोपाल सहित 15 जिलों में तेज बारिष हुई। उज्जैन में दोपहर को अचानक क्षिप्रा नदी में जल स्तर बढ़ने से घाट स्थित मंदिरों में पानी भर गया। राज्य के टीकमगढ़, उमरिया, बैतूल, मलाजखंड, सीहोर, षाजापुर, छिंदवाड़ा सहित अन्य जिलों में बारिष हुई। भोपाल में कोलांस नदी का जल स्तर एक फिट बढ़ गया। मौसम विभाग ने इंदौर, रतलाम, मंदसौर, आगरमालवा, राजगढ़, देवास, खरगोन, बुरहानपुर, हरदा, रायसेन सहित कई जिलों में भारी बारिष की संभावना जताई है।

.................................